# ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

पत्रांक: .................... दिनांक ...............

सेवा में,

**प्रधानाचार्य,**
सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालय,
ल० ना० मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।

**विषय:– चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य (प्रतिष्ठा) सत्र 2025–29 (सी0बी0सी0एस0) में दिनांक– 11.10.2025 एवं 12.10.2025 को महाविद्यालय का चयन/नये आवेदन किये अभ्यर्थियों का नामांकन के संबंध में।**

**महाशय/महाशया,**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर कला, विज्ञान एवं वाणिज्य सत्र– 2025–29 मे दिनांक– 11.10.2025 एवं 12.10.2025 को महाविद्यालय का चयन/नये आवेदन किये अभ्यर्थियों का नामांकन हेतु चयन सूची विश्वविद्यालय के वेबसाईट (www.lnmu.ac.in) पर जारी कर दी गयी है। अभ्यर्थी अपना चयन–पत्र (Selection letter) विश्वविद्यालय के वेबसाईट से आवेदन आई–डी (Application I.D) एवं जन्म तिथि (Date of Birth) या यूजर आई डी (ई–मेल) एवं पासवर्ड (Password) के द्वारा लॉग–इन (login) कर डाउनलोड कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों से अनुरोध है कि दिनांक– 13.10.2025 को नामांकन हेतु जारी चयन सूची से ***दिनांक–14.10.2025 से 15.10.2025 तक*** अभ्यर्थी को आवंटित महाविद्यालय में नामांकन लिया जाय।

प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि जिन विषयों में सीट रिक्त है उन सीटों को अनारक्षित मानते हुए सभी कोटि के अभ्यर्थियों का रिक्त सीटों के विरूद्ध नामांकन लेना सुनिश्चित करेंगे। प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय ऑनलाईन ऑन–स्पॉट) चयन सूची को निरस्त मानते हुए पूर्व के किसी चयन–पत्र के आधार पर नामांकन नहीं लिया जायेगा। केवल दिनांक– 11.10.2025 एवं 12.10.2025 को महाविद्यालय का चयन/नये आवेदन किये अभ्यर्थियों का जारी चयन सूची के तहत डाउनलोड किये हुए चयन–पत्र के आधार पर ही सभी आवश्यक कागजातों की जाँचोपरान्त अभ्यर्थियों का नामांकन सुनिश्चित करेंगे। नामांकन से संबंधित अन्य बातें पत्रांक– छा0क0– 78/25 दिनांक– 03.07.2025 पत्र के अनुरूप यथावत् रहेंगी।

13/10/25

*नोटः—*

1. *प्रधानाचार्य नामांकित अभ्यर्थियों का डैस—बोर्ड पर दिनांक— 16.10.2025 के 2:00 बजे अपराह्ण तक निश्चित रूप से अपडेट कर लेंगे, जिन अभ्यर्थियों के नामांकन को महाविद्यालय द्वारा Dash Board पर ऑनलाईन के माध्यम से अंतिम रूप से Update नहीं किया जायेगा तो यह समझा जायेगा कि संबंधित अभ्यर्थी नामांकन हेतु महाविद्यालयों में उपस्थित नहीं हुए।*

   *इस चरण के नामांकन के उपरान्त इस सत्र की नामांकन प्रक्रिया पूर्णतः समाप्त कर जायेगी साथ ही निदेशित किया जाता है कि स्वीकृत सीट से अधिक नामांकन नहीं लेंगे, अगर सीट से अधिक नामांकन लेते है तो राज्यादेश का उल्लंघन माना जायेगा एवं इसकी सूचना राज्य सरकार को दे दी जायेगी एवं वैसे अभ्यर्थी का किसी भी परिस्थिति में पंजीयन एवं परीक्षा प्रपत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। इसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्रधानाचार्य की होगी।*

2. *राज्य सरकार के दिशा—निर्देश* के आलोक में सभी कोटि की महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्र/छात्राओं से नामांकन संबंधी शुल्क नहीं लिया जाना है।

माननीय कुलपति महोदय के आदेश से।

विश्वासभाजन,

ह0/—

अध्यक्ष,छात्र—कल्याण

ज्ञापांक छा० क०-140/25 दिनांक 13/10/2025

प्रतिलिपि प्रेषितः—

1. **कुलपति के सचिव/कुलसचिव/वित्त पदाधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक** के निजी सहायक, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ।
2. **जिला नोडल पदाधिकारी,** दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा से अनुरोध है कि अपने—अपने जिला के सभी महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र— 2025—29 में नामांकन का निगरानी (Monitoring) करेंगे ताकि नामांकन के समय किसी अभ्यर्थी को कोई परेशानी नहीं हो एवं अनियमितता को रोका जा सके, यदि नामांकन में किसी प्रकार की अनियमितता की जानकारी मिले तो अपने स्तर से अविलम्ब कदम उठायेंगे तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को भी सूचित करेंगे।
3. **नोडल पदाधिकारी/आई0टी0 सेल** (विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड हेतु) ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा।
4. **निदेशक**, यू0 एम0 आई0 एस0 सेल, ल0 ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

अशोक 13.10.25

अध्यक्ष,छात्र—कल्याण

13/10/25